भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1089
गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पर्यटन को बढ़ाना

1089. श्री वाई.एस. चौधरीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी के बाद देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'देखो अपना देश' योजना के तहत कौन-कौन सी पहल की गई है; और

(ग) क्या देश में विदेशी पर्यटकों के आगमन में तेजी आई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : पर्यटन मंत्रालय, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है । अपनी जारी गतिविधियों के हिस्से के रूप में, यह अपनी ''बाजार विकास सहायता सहित विदेशी सवंर्धन और प्रचार'' (ओपीएमडी) और आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के माध्यम से देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ''अतुल्य भारत'' ब्रांड-लाइन के तहत विदेशों में महत्वपूर्ण और संभावित बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है । मंत्रालय की वेबसाइट (www.incredibleindia.org) और सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से भी नियमित रूप से संवर्धन का कार्य किया जाता है । कोविड-19 महामारी के बाद मंत्रालय ने अपने संदेशों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाने, यात्रा करते समय सामाजिक दूरी, सुरक्षित एवं जिम्मेदार यात्रा, मास्क के उपयोग, आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करने के बारे में जानकारी देने और उद्योग जगत के लिए की गई पहलों को बढ़ावा देने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल्स का कारगर ढंग से उपयोग किया है । एक गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन विदेशों में करने के लिए मंत्रालय एकीकृत विपणन तथा संवर्धनात्मक कार्यनीति अपनाकर और यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों तथा भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान चलाता है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मेलों एवं प्रदर्शनियों में भागीदारी, भारत को जानें संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, रोड शोज़ तथा इंडिया ईवनिंग्स का आयोजन, ब्रोशर सहायता, ट्रैवल एजेंट्स/टूर ऑपरेटर्स के सथ संयुक्त रूप से विज्ञापन, भारतीय खाद्य एवं सांस्कृतिक महोत्सवों का आयोजन तथा उन्हें सहायता देना, ब्रोशर प्रकाशित करना तथा मंत्रालय के आतिथ्य कार्यक्रम के अंतर्गत देश की

यात्रा के लिए टूर ऑपरेटरों, मीडिया हस्तियों, ओपीनियन मेकर्स आदि को आमंत्रित करना शामिल है ।

(ख) : मंत्रालय ने जनवरी, 2020 में देखो अपना देश पहल की शुरूआत की थी जिसे मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स तथा वेबसाइट पर और घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों द्वारा व्यापक रूप से प्रचारित किया जा रहा है । इस पहल के अंतर्गत यह मंत्रालय हितधारकों के साथ संपर्क बनाए रखने और नागरिकों को अपने देश की यात्रा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वेबिनारों, प्रश्नोत्तरी, शपथ, विचार-विमर्श रोड शोज़ का आयोजन करता है । देखो अपना देश की शुरूआत से अब तक मंत्रालय द्वारा देखो अपना देश ब्रांड लाइन के अंतर्गत कुल 116 वेबिनार आयोजित किए गए हैं जिनमें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कवर किए गए ''विशाखापट्नम- भाग्य का शहर'' और ''हैदराबाद की सांस्कृतिक विरासत'' जैसे विषय शामिल हैं ।

(ग) : वर्ष 2021 के दौरान भारत में विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) और ई-पर्यटक वीज़ा पर एफटीए वर्ष 2020 तथा 2019 के तुलनात्मक आंकड़ों के साथ **अनुबंध** में दिया गया है । तथापि पर्यटन मंत्रालय विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) से संबंधित राज्य-वार आंकड़े तैयार नहीं करता है ।

*****

अनुबंध

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पर्यटन को बढ़ाने के संबंध में दिनांक 10.02.2022 के राज्य सभा लिखित प्रश्न सं. 1089 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

वर्ष 2020 और 2019 के तुलनात्मक आंकड़ों के साथ वर्ष 2021 के दौरान भारत में विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) और ई-पर्यटक वीजा पर एफटीए

महीना	**विदेशी पर्यटक आगमन**				
	2019	**2020**	**2021 @**	**2020/19**	**2021/20 @**
जनवरी	11,11,040	11,19,250	83,822	0.7%	-92.5%
फरवरी	10,90,516	10,18,440	99,640	-6.6%	-90.2%
मार्च	9,78,236	3,28,304	1,23,179	-66.4%	-62.5%
अप्रैल	7,74,651	2,820	69,442	-99.6%	2362.5%
मई	6,15,136	3,764	13,307	-99.4%	253.5%
जून	7,26,446	8,590	29,397	-98.8%	242.2%
जुलाई	8,18,125	12,655	64,566	-98.5%	410.2%
अगस्त	8,00,837	19,761	84,955	-97.5%	329.9%
सितम्बर	7,51,513	28,167	1,06,704	-96.3%	278.8%
अक्तूबर	9,45,017	41,494	1,81,325	-95.6%	337.0%
नवम्बर	10,92,440	70,977	2,51,993	-93.5%	255.0%
दिसम्बर	12,26,398	90,544	3,03,799	-92.6%	235.5%
कुल (जनवरी-दिसम्बर)	1,09,30,355	27,44,766	14,12,129	-74.9%	-48.6%

@ अनंतिम

*****